हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 बढ़ी जनसंख्या लेकिन नहीं बढ़े संसाधन





## खबर संक्षेप



### 4 साल से फरार लूट का आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस चौकी खरसिया को फरार लूट के आरोपी गोलू भाट उर्फ गंगा राव को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। लूटपाट के आरोपी गोलू भाट उर्फ गंगा राव ने अपने साथी अजय चौहान के साथ मिलकर 4 मार्च 2020 को डभरा रोड ओम एजेंसी के पास ग्राम पंण्डरमुडा जोबी निवासी सुदामा राठिया के पर्स में रखे 14 हजार रुपए को लूटकर भाग गए थे जिस संबंध में पुलिस चौकी में धारा 392, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दरमियान आरोपी अजय कुमार चौहान उम्र 25 साल निवासी चचिया थाना करतला जिला कोरबा को गिरफ्तार कर चालानी कार्यवाही की गई थी तथा आरोपी गोलू भाट के फरार रहने पर धारा 173,8 के तहत कार्यवाही किया गया। आरोपी गोलू भाट अपने गांव से फरार था जिसके कल गांव में आने की सूचना पर चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग द्वारा अपने स्टाफ के साथ दबिश देकर आरोपी गोलू भाट उर्फ गंगा राव को हिरासत में लिया गया। आरोपी ने लूट में प्राप्त 6000 को खर्च कर देना बताया। आरोपी भाट उर्फ गंगा राव पिता गोरेलाल उर्फ दरिहा भाट 35 साल निवासी ग्राम बेहरचुंवा थाना करतला, जिला कोरबा को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

## महिलाओं पर अत्याचार संबंधी नई धाराओं में बदले सजा के प्रावधान

# नए कानून में मीडिया के लिए भी प्रावधान, एसपी ने बताया नई और पुरानी धाराओं में अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

देश में भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर एक जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। नए कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रायगढ पुलिस ने भी अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के साथ एडिशनल एसपी मरकाम, सीएसपी शुक्ला व डीएसपी अनामिका जैन ने एक जुलाई से लागू हुई भारतीय न्याय संहिता बीएनएस में महिलाओं पर अत्याचार से जुड़ी धाराओं में बदलाव के बारे में बताया।

पुरानी धारा 354 भादंस- स्त्री की लज्जा भंग करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग जो कोई किसी स्त्री की लज्जा भंग करने के आशय से या यह सभाव्य जानते हुए कि तद्द्वारा वह उसकी लज्जा भंग करेगाए उस स्त्री पर हमला करेगा




या आपराधिक बल का प्रयोग करेगाए वह दोनों में सेए किसी भांति के कारावास सेए जिसकी अवधि एक वर्ष से कम की नहीं होगी किंतु जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने सेए या दोनों सेए दण्डित किया जाएगा।

**नई धारा 74 भारतीय न्याय संहिता –** महिला की लज्जा भंग करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग करने पर किसी भांति के कारावास जिसकी अवधि एक वर्ष से कम नहीं होगी किंतु जो पांच वर्ष तक की हो सकेगी और जुर्माने का भी दायी होगा।

**पुरानी धारा 326 भादंस एसिड हमला –** जो कोई स्वेच्छा से एसिड को इस ज्ञान के साथ फेंकता और प्रशासित करता है कि यह चोट पहुंचाएगा या ऐसा चोट पहुंचाने के इरादे से करेगा, वह दोनों में सेए किसी भांति के कारावास सेए जिसकी अवधि न्यूनतम दस वर्ष तक की होगीए दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा ।

**नई धारा 124 भारतीय न्याय संहिता–** जो कोई किसी व्यक्ति के भाग को उस व्यक्ति पर अम्ल फेंककर ऐसा कारित करने के आशय से ऐसी क्षति कारित करेगा वह दोनों में से किसी भांति के कारावास जिसकी अवधि दस वर्ष से कम की नहीं होगी किंतु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

### मीडिया को दी नए कानूनों की जानकारी

1 जुलाई से प्रभावी तीन नवीन आपराधिक कानूनों समेत भारतीय दण्ड संहिता और भारतीय सामाजिक न्याय संहिता के कानूनों के प्रचार प्रसार के क्रम में गुरुवार को पुराना पुलिस लाइन गौशला पारा के सामुदायिक भवन में जिला पुलिस ने मीडिया को नए कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने बताया कि जिला पुलिस आमजन को नवीन कानूनों पर जागरूकता करने कई कार्यक्रम आयोजित किया गया है और आगे भी विविध जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। पहले आईपीसी में 420, 302 के तहत दर्ज होने वाले अपराध को धारा से ही आम नागरिक समझ जाते थे। आईपीसी भारतीय दण्ड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता है। कानून में हुए नवीन बदलाव से पुलिस की जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी वहीं पीड़ित को शीघ्र न्याय मिलेगा। न्याय से जुड़ा नया कानून नागरिकों को शीघ्र न्याय देने सिद्ध होगा। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, डीएसपी अखिलेश कौशिक एवं डीएसपी अनामिका जैन द्वारा भारतीय न्याय संहिता बीएनएस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसए पर एक-एक कर पुराने और नये कानूनों में बदलाव की जानकारी दिया।



## धड़ल्ले से जारी है मुरुम का अवैध खनन, छोटे झाड़ का जंगल गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के मेडिकल कॉलेज रोड पर ही जंगल के बीच जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर अवैध खनन किया जा रहा है। कॉलेज रोड पर सौ बिस्तर अस्पताल से महज आधे किमी की दूरी पर दाहिनी ओर जंगल के बीच कुछ लोग अवैध खनन कर रहे हैं।

पहले यहां मौजूद कुछ पेड़ों को काटकर रास्ता बनाया गया, फिर खुदाई शुरू कर दी। रोड से जाते समय बहुत ध्यान से देखने पर ही जेसीबी और ट्रैक्टर नजर आते हैं। सुबह से ही यहां खनन शुरू हो जाता है। इस जगह पर छोटे बड़े झाड़ के घने जंगल थे। जेसीबी से पेड़ों के बीच में खुदाई कर दी गई है। मौके पर हमें एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टर मिले। एक ट्रैक्टर में मिट्टी लोड हो चुका था। पूछने पर पता चला कि विनय सिंह नामक व्यक्ति ने खनन करवा रहा है। यहां की मिट्टी किसी खाली प्लॉट को पाटने के काम में उपयोग की जा रही है। खुदाई के कारण जंगल का ये हिस्सा अब बर्बाद होता जा रहा है। वहीं पास में एक और जमीन पर पूर्व में पेड़ काटकर खनन किया जा चुका है।

## जनसंख्या स्थिरीकरण दिवस पर जेपीएल में कार्यक्रम

**तमनार।** जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण दिवस 11 जुलाई 2024 के अवसर पर जनसंख्या स्थिरीकरण जागरूकता अभियान का आयोजन संयंत्र के जिप्ट सभागार में किया गया। जिसमें विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण दिवस आयोजित करने के लक्ष्यों एवं समाज के सम्मुख आदर्श उद्धहरण प्रस्तुत करने वाले 15 आदर्श दम्पतियों को स्मृति चिंह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के विषय एवं पृष्ठभूमि पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुये सीएसआर जेपीएल तमनार के राजेश रावत ने कहा कि संपूर्ण विश्व में जनसंख्या स्थरीकरण के प्रति जागरूकता हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में आज यह जनसंख्या स्थरीकरण दिवस मनाने के साथ जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है तथा यह अभियान सप्ताह भर क्षेत्र के विभिन्न गांवों



कसडोल, बुड़यि, कठरापाली, आमगांव एवं ग्राम राबो में संचालित किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जनसंख्या स्थरीकरण के प्रति क्षेत्रवासियों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जेपीएल संयंत्र निकटस्थ विभिन्न ग्रामों के 15 जोड़े आदर्श व जिम्मेदार दंपत्तियों, जिनका विवाह 18 वर्ष व 21 वर्ष के बाद हुआ हो तथा पहली संतान के दो वर्ष के बाद व दूसरा बच्चा पहले बच्चें के तीन वर्ष के बाद हुआ हो तथा ऐसे माता अथवा पिता जिन्होंने एक या दो बच्चे के बाद नसबंदी करा ली हो का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

## पोल्ट्री फार्म में चोरी करने घुसे दो गिरफ्तार



**रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर अंतर्गत ग्राम संबलपुरी स्थित पोल्ट्री फार्म में घुसकर फार्म में काम करने वाले युवक के पैंट से रूपये तथा केबल वायर, लोहे का सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार का रिमांड पर भेजा गया है। कल मालीडिपा रोड बोईरदादर में रहने वाले शरद कुमार बनर्जी 42 साल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी ग्राम संबलपुरी में पोल्ट्री फार्म में है जहां कल दो लड़के घुसकर लोहे के सामान चोरी कर रहे थे जो इसे देखकर भागे। शरद बनर्जी और पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले सूरज सिदार ने एक लड़के को पकड़ा जिसने अपना नाम प्रभात राय उर्फ सोनू बताया। थाना चक्रधरनगर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने पर धारा 303,2 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी प्रभात राय उर्फ सोनू से पूछताछ किया गया जिसने अपने साथी सुनील सारथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

## महिला से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**रायगढ़।** थाना लैलूंगा में महिला द्वारा दुष्कर्म की दर्ज करायी गई रिपोर्ट पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। पीड़ति महिला के रिपोर्ट पर महिला उप निरीक्षक मान कुंवर द्वारा एफआईआर और बयान लिया गया, पीड़ति ने बताया कि उसका पति अगस्त 2023 में बाहर काम करने गया था। ससुराल में बच्चों के साथ रहती थी। इसके ससुराल का जयलाल नागवंशी एक दिन अकेले पाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। महिला लोक लाज से जयलाल नागवंशी के कृत्य किसी को नहीं बताई। उसके बाद जयलाल कई बार ससुराल में शारीरिक संबंध बनाया। मई 2024 में पति के घर आने पर भी जयलाल का घर आना जाना था। पति को जयलाल नागवंशी के कुकर्म बताई और थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला के रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा में आरोपी जयलाल नागवंशी 32 वर्ष पर धारा 376, 376,2, द का अपराध पंजीबद्ध कर टीआई राजेश जांगडे द्वारा आरोपित के गांव दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



